45	सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य	55		14			10943
46	श्रम एवं रोजगार	8					1170
47	भू एकत्रीकरण एवं जोत	2					1190
48	मुद्रण एवं सामग्री	6					280
49	सूचना एवंज न संपर्क	2					835
50	ग्रमीण विकास	84	10	17			1929
51	पंचायती राज	169	2	24	3		11481
52	राज्य सैनिक कल्याण	4					597
53	भू समेकन शिमला	21	13		2		926
54	सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण	10					770
55	जनजातीय विकास	1					20
56	तकनीकी शिक्षा	13					790
57	पर्यटन एवं नागरिक विमानन	14					1780
58	नगर एवं ग्रामीण नियोजन	101					10611
59	परिवहन	4					100
60	कोष	2					730
61	शहरी विकास	4					200
62	युवा सेवायें एवं खेल	1					150
63	पर्वतारोहण एवं संबद्व सेवायें	13		1		1	1500
64	उच्च शिक्षा	59					2120
65	योजना	16		1			680
	जिलाधीश						
66	शिमला	23					1300
67	सोलन	37					4135
68	सिरमौर	31					5405
69	कुल्लू	21					899
70	लाहुल स्पीति	2					160
71	किन्नौर	28					975

72	चम्बा	14					1090
73	हमीरपुर	19					1330
74	ऊना	12					940
75	कांगडा	67					3990
76	विलासपुर	48					2950
77	मण्डी	52					5700
	सहकारिता/निगम						
78	वित्तीय निगम	25	7	2			2410
79	वन निगम	15		5	5		2153
80	सामान्य उद्योग निगम	4	1				40
81	एच0पी0एम0सी0	4					340
82	हिमफैड	4					519
83	राज्य उद्योग विकास निगम	8		1	1		1460
84	पर्यटन विकास निगम	20		1			1440
85	पथ परिवहन निगम	50	1				2668
86	नगर निगम शिमला	221		9	3		22695
87	नागरिक आपूर्ति निगम	8					800
88	सहकारिता दुग्ध उत्पादक संघ	2					0
89	हिमऊर्जा	1					10
90	इलैक्ट्रानिक विकास निगम	1					40
91	हस्तशिल्प एवं हथकरघा निगम	1					110
92	राज्य सहकारिता बैंक शिमला	20	1				755
93	लघु उद्योग एवं निर्यात निगम	6	1				780
94	बस अडडा प्रबंधन एवं विकास प्रधिकरण	8					480
95	आवासीय संघ	7					220
96	कृषि ग्रामीण विकास बैंक	8					1420
97	जोगिन्द्रा सेन्द्रल सहकारी बैंक	3					363
98	अपेक्ष सहकरिता समिति	2					157
	बोर्ड						
99	पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड	31					1810
100	खादी एवं ग्रामीण उद्योग बोर्ड	8	1	1			1177
101	राज्य सामाजिक कल्याण बोर्ड	1					50

102	विपणन बोर्ड	2					170
103	अधीनस्थ सेवायें चयन बोर्ड	113	22	2			3130
104	स्कूल शिक्षा बोर्ड	15					1575
105	हिमुडा	134		15	2		23656
106	हि0प्र0 तकनीकी शिक्षा	2					120
107	हि0प्र0 राज्य विद्युत बोर्ड	46		5			6389
	विश्वविद्यालय						
108	हि0प्र0 विश्वविद्यालय शिमला	4	2	1	1		1050
109	डा0 यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं औद्योगिकी विश्वविद्यालय	25	1	7	1		3860
110	चौ0 श्रवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर	34	1	1	4		3819
	कुल	**2654**	**119**	**127**	**32**	**4**	**234281**

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट प्रतीत होता है कि विभिन्न सार्वजनिक प्रधिकारिणों के लोक सूचना अधिकारियों द्वारा सभी आवेदकों को अपेक्षित सूचनायें प्रेषित कर दी गई है परन्तु 119 मामलों में आवेदकों को सूचनाएं प्रेषित नहीं की गई क्योंकि उन के आवेदन पत्र रदद कर दिए गए थे । इस प्रकार राज्य में 4 प्रतिशत से कुछ अधिक आवेदन जन सूचना अधिकारी द्वारा रदद किए गए । उनमें से अधिकतर आवेदन सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 8 $(1)(i)$ के अन्तर्गत रदद किए गए थे । पहली अपीलों की संख्या भी कुल प्राप्त अपीलों के 4 प्रतिशत से कुछ अधिक है । नामित अपीलीय प्राधिकारियों पास दायर प्रथम 127 अपीलों के विरूद्व राज्य सूचना आयोग को 32 अपीलें प्राप्त हुई । इसके अतिरिक्त, वर्ष के दौरान जन सूचना अधिकारी से जबाब न मिलने या देर से मिलने के विरूद्व आयोग को 52 शिकायतें प्राप्त हुई । इस प्रकार, वर्ष के दौरान विभिन्न सार्वजनिक प्रधिकारिणों के पास सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत दायर कुल 2654 आवेदनों के विरूद्व आयोग को कुल 84 अपीलें/शिकायतें प्राप्त हुई । इन आंकडो से पता चलता है कि इस वर्ष के दौरान जन साधारण द्वारा मांगी गई सूचनाओं के प्रति जन सूचना अधिकारी का प्रत्युत्तर काफी सन्तोष जनक रहा ।

अध्याय-5


अधिनियम का कार्यान्वयन

(आयोग द्वारा अपीलों तथा शिकायतों का निपटान)

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 18 के अन्तर्गत राज्य आयोग जनसाधारण से प्राप्त ऐसी शिकायतें प्राप्त कर जांच पड़ताल करेगा यथा अधिनियम के तहत कुछ आवधानों का परिपालन न हुआ हो-- जैसे मांगी गई सूचना प्रदान न करना, अथवा निर्धारित समय के भीतर कोई जवाब न देना इत्यादि । इसी प्रकार अधिनियम की धारा 19 के अन्तर्गत आयोग दूसरी अपील प्राप्त कर उसका निर्णय करेगा । इस धारा के अन्तर्गत असन्तुश्ट अपीलकर्ता प्रथम अपीलय प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त निर्णय प्राप्त होने के 90 दिनों के भीतर राज्य सूचना आयोग के पास दूसरी अपील दायर कर सकता है । उपयुक्त मामलों की अपील दायर करने में विलम्ब को माफ करने हेतु आयोग सशक्त है ।

2. 31.3.2007 तक समाप्त होने वाली अवधि के दौरान 17 सरकारी प्राधिकारियों के प्रथम अपीलय प्राधिकारी के विरूद्व राज्य के 10 जिलों के विभिन्न अपीलकर्ताओं से आयोग को 32 अपीले प्राप्त हुई । इन में 22 अपीलें शिमला, कांगड़ा तथा हमीरपुर जिलों से सम्बन्धित अपीलकर्ताओं द्वारा दायर की गई थी । आयोग में प्राप्त जिलावार अपीलों का विवरण निम्न चार्ट में दिया गया है :-

आयोग में जिलावार प्राप्त अपीलों का विवरण



3. आयोग में प्राप्त कुल 32 अपीलों में से वर्ष के दौरान 24 अपीलों का निपटान कर दिया गया तथा 31.3.2007 तक केवल आठ अपीलें ही निर्णय के लिए लम्बित थीं । आयोग द्वारा निर्णीत 24 अपीलों में से केवल 3 अपीलें रद्द की गई। 21 मामलों में निर्धारित समय के भीतर अपेक्षित सूचना

उपलब्ध कराने के दृश्टिगत पी.आई.ओ. को निर्देश दिए गए, निर्णीत/लम्बित अपीलों का विवरण निम्न प्रकार से हैं :-

1) आयोग में प्राप्त अपीलों का विवरण

कुल प्राप्त अपीलें	32
निर्णीत अपीलें	24
31.3.2007 को लम्बित अपीलें	8

2) आयोग द्वारा निर्णित अपीलों का विवरण


एक मास से कम अवधि में निर्णित	16
एक मास से अधिक परन्तु दो मास से कम अवधि में निर्णित	6
दो मास से अधिक अवधि में निर्णित	2

3) 31.3.2007 को लम्बित अपीलें

एक माह से कम अवधि तक लम्बित	4
एक माह से दो माह तक लम्बित	3
दो मास से अधिक लम्बित	1

4) विबेचित वर्श के दौरान, राज्य सूचना आयोग को अधिनियम की धारा 18 के अन्तर्गत राज्य के 11 जिलों के आवेदकों से 52 शिकायतें प्राप्त हुईं । इनमें से 39 शिकायतें शिमला, कांगड़ा, सिरमौर तथा कुल्लू जिला के शिकायतकर्ताओं से प्राप्त हुई । 31.3.2007 तक प्राप्त जिलावार शिकायतों का विवरण निम्नलिखित चार्ट में दिया गया है :-

आयोग में प्राप्त शिकायतों का जिलावार विवरण



5. वर्ष के दौरान राज्य सूचना आयोग द्वारा प्राप्त 52 शिकायतों में से 47 शिकायतों का निपटारा किया गया और 31.3.2007 तक केवल 5 शिकायतें निपटानी बकाया रही । जिन कुल 47 शिकायतों को निपटाया गया उनमें से 43 मामलों में जन सूचना अधिकारियों की सूचना उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए । केवल 4 मामलों में शिकायतें अस्वीकृत की गई थी । कुल प्राप्त की गई शिकायतें, निपटाई गई शिकायतें तथा लम्बित की गई शिकायतों का समय के अनुसार विवरण निम्न प्रकार से है :-

31-3-2007 तक कुल प्राप्त, निपटाई गई तथा लम्बित शिकायतों का विवरण

(i) वर्ष के दौरान प्राप्त और निपटाई गई शिकायतों का विवरण :-

कुल प्राप्त शिकायतें	52
वर्श के दौरान निपटाई गई शिकायतों की संख्या	47
31.3.2007 को लम्बित शिकायतों की संख्या	5

(ii) वर्ष के दौरान निपटाई गई शिकायतों का विवरण :-

एक माह से कम अवधि में निपटाए गए मामले	26
एक माह से अधिक परन्तु 2 माह से कमं अवधि में निपटाए गए मामले	21

(iii) 31.3.2007 को लम्बित शिकायतों का विवरण :-

एक मास से कम अवधि के लिए लम्बित	2
एक मास से लेकर 2 मास तक के लिए लम्बित मामले	2
दो मास से अधिक समय के लिए लम्बित मामले	1


6. राज्य सूचना आयोग द्वारा चार मामलों में जन सूचना अधिकारियों को रू 3452/- तक की राशि के मुआवजे की अदायगी शिकायत कर्ताओं की क्षतिपूर्ति करने के निर्देश दिए गए थे । रिपोर्ट के अनुसार इस अवधि के दौरान किसी भी जन सूचना अधिकारी के विरूद्ध कोई भी अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं की गई और न ही कोई दोषी ठहराया गया ।

7. उपर दी गई अपील तथा शिकायतों के अतिरिक्त राज्य सूचना आयोग में रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान 257 विविध आवेदनपत्र/प्रतिवेदन प्राप्त हुए जो कि सम्बन्धित जन सूचना अधिकारियों/प्राधिकृत अधिकारियो को अग्रेशित कर दी गई थीं । इन आवेदन पत्रों/प्रतिवेदनों की प्रगति की सम्बन्धित प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा अनुपालन की गई तथा सुनिश्चित किया गया कि आवेदक को समुचित उत्तर प्राप्त हो गया है। जिन आवेदन पत्रों पर कोई कार्यवाहीं नहीं की गई उन्हें आयोग को भेजी गई शिकायतें माना गया । इस वर्ष के दौरान प्राप्त ऐसे विविध आवेदन पत्रों/प्रतिवेदनों का विवरण जिलावार तालिका में दिया गया है :-

आयोग में प्राप्त कुल आवेदन पत्रों/प्रतिवेदनों की संख्या जो जन सूचना अधिकारियों/सम्बन्धित प्राधिकृत अधिकारियों को अग्रेशित किए गए

क्रमांक	जिला का नाम	प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या
1.	हमीरपुर	15
2.	चम्बा	20
3.	कुल्लू	14
4.	बिलासपुर	6
5.	कांगड़ा	8
6.	सिरमौार	51
7.	शिमला	43
8.	मण्डी	24
9.	सोलन	27
10.	ऊना	8
11.	किन्नौर	1
12.	राज्य के बाहर से प्राप्त	20

	कुल जोड़	257



अध्याय-6

प्रशिक्षण तथा शिक्षा कार्यक्रम

सूचना अधिकार अधिनियम की धारा-26, उपधारा-1 के अन्तर्गत राज्य सरकार वित्तीय तथा अन्य साधन निम्न प्रकार से उपलब्ध करवाएगी :-

कः लोगों में जागरूकता लाने के लिए शिक्षा दायक कार्यक्रम आयोजित करना, विशेशकर ऐसे समुदायों के लिए जिन्हें अभी तक इस अधिनियम का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है । इस अधिनियम के अन्तर्गत आने वाले अधिकारों का प्रयोग करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं।

ख अधिनियम की धारा क में संदर्भित है कि ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित करने के लिए तथा इनका प्रचार करने में भाग लेने के लिए जनप्राधिकारियों को प्रोत्साहित करें तथा इस प्रकार के कार्यक्रमों को स्वंय आयोजित करने का संकल्प लेना चाहिए ।

ग जन प्राधिकारियों द्वारा उनकी गतिविधियों के सम्बन्ध में सही सूचना का प्रभावी ढंग से प्रचार व समय पर आगे बढ़ाना तथा

घ जन प्राधिकारियों द्वारा स्वंय जन सूचना अधिकारियों को प्रशिक्षित करना तथा प्रशिक्षण के लिए प्रयोग की जाने वाली उपयुक्त सामग्री उपलब्ध करवाना ।

2. अधिनियम के उक्त उपबन्धों के अनुसार हिमाचल प्रदेश के लोक प्रशासन संस्थान द्वारा जनसूचना अधिकारियों के लिए और राज्य सरकार के अन्य अधिकारियों के लिये 17 प्रशिक्षण कार्यक्रम जिलों में निम्न प्रकार से करवाए गए ।

क्रमांक	जिला का नाम	किए गए कार्यक्रमों की संख्या
1.	शिमला	6
2.	कांगड़ा	3
3.	चम्बा	1
4.	कुल्लू	1
5.	ऊना	2
6.	हमीरपुर	1
7.	मण्डी	1
8.	किन्नौर	2
	कुल	17

3. हिमाचल प्रदेश के मुख्य सूचना आयुक्त ने वर्ष 2006-2007 के दौरान हमीरपुर, सिरमौर, सोलन, मण्डी, कुल्लू, बिलासपुर, कांगड़ा, चम्बा तथा ऊना आदि 9 जिलों का निरीक्षण किया तथा जिला स्तर के अधिकारियों, जन सूचना अधिकारियों और सहायक जन सूचना अधिकारियों के साथ बैठकें की । इसी तरह की बैठक जिला शिमला के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ की गई । इन बैठकों में राज्य के सक्षम प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा अधिनियम के अन्तर्गत बनाए गए नियमों तथा सूचना अधिकार अधिनियम 2005 की विशेषताओं के विषय में अधिकारियों को जानकारी दी गई । उन्होंने अधिकारियों को परामर्श दिया कि अधिनियम के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने की प्रक्रिया के विषय में अधिकारी वर्ग अपने क्षेत्रीय प्रवास के समय सामान्य लोगों को पर्याप्त जानकारी दें । उन्होंने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के उपबन्धों के अन्तर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों की प्रक्रिया की आवश्यकता के सम्बन्ध में जानकारी देने पर बल दिया तथा आवेदनों को अपेक्षित सूचना निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध करवाने की जानकारी दी । राज्य मुख्य सूचना आयुक्त द्वारा हिमाचल प्रदेश सचिवालय के जनसूचना अधिकारियों तथा राज्य मुख्यालय में विभिन्न प्रशासनिक विभागों द्वारा नामित किए गए जन सूचना अधि।कारियों को भी सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की विशेषताओं तथा नियमों के समबन्ध में दो अलग अलग बैठकों में जानकारी दी । जो बैठकें 17 जनवरी, 2007 तथा 18 जनवरी, 2007 को आयोजित की गई थी।

अध्याय 7

प्रेक्षण और संस्तुतियां

सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 25(1) के अन्तर्गत प्रस्तुत की गई प्रथम रिपोर्ट में आयोग ने राज्य सरकार के क्षेत्राधिकार में आने वाले विभिन्न जन प्राधिकारियों द्वारा आर टी आई अधिनियम 2005 को समरूप तथा प्रभाव पूर्ण ढंग से लागू करवाने के लिए कुछ सिफारिशें की थी। राज्य सरकार द्वारा ऐसी सिफारिशों पर कार्यवाही की गई । आयोग की सिफारिशों तथा अभिमत पर राज्य सरकार द्वारा जो कार्यवाही की गई उसका विवरण परिशिश्ट "ग' पर दिया गया है । कुछ ऐसी सिफारिशें जिन पर कार्यवाही राज्य सरकार के स्तर पर की जानी अपेक्षित हैं उन्हें इस रिपोर्ट में प्रेक्षण और संस्तुतियों के कुछ भाग में शामिल किया जा रहा है ।

2. हिमाचल प्रदेश राज्य में 1-4-2006 से 31-3-2007 की अवधि के दौरान इस अधिनियम का कार्यान्वयन अत्यन्त संतोशजनक रहा । अधिनियम के अन्तर्गत 110 सार्वजनिक प्राधिकरणों द्वारा सूचना प्राप्त करने के लिए कुल 2654 आवेदन पत्र प्राप्त किए गए जिसमें से केवल 119 प्रकरण अस्वीकृत किए गए। मनोनीत अपील प्राधिकारियों के सम्मुख प्रथम 127 अपीलें प्रस्तुत की गई तथा राज्य सूचना आयोग में 52 शिकायतें प्राप्त हुई । पहली अपील तथा शिकायातों से पता चलता है कि सामान्यतः आवेदक जन सूचना अधिकारियों द्वारा की गई कार्यवाही से संतुष्ट रहे। आयोग को 32 दूसरी अपीलें भी प्राप्त हुईं जिसमें अपील करने वाले आवेदक अपील प्राधिकारियों द्वारा दिए गए निर्णय से असंतुष्ट थे। आयोग ने पाया कि अधिकतर शिकायतों में जनसूचना अधिकारियों द्वारा कार्यवाही उचित समय पर नहीं की गई थी । यह विलम्ब जन सूचना अधिकारियों को आर टी आई अधिनियम 2005 और इसके नियमों के प्रति पूर्ण जागरूकता न होने के कारण पाया गया। वर्ष के दौरान रूपये 2,34,281 की राशि आवेदकों से आवेदन शुल्क तथा अतिरिक्त शुल्क सूचना प्राप्त करने के कारण प्राप्त हुई।

3. सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के उपबन्धों के अनुसार सार्वजनिक प्राधिकरणों को इस अधिनियम के एक सौ दिन के भीतर समुचित संख्या में अपेक्षित जन सूचना अधिकारी व सहायक जन सूचना अधिकारी नामित करने होंगे। इन प्राधिकारियों को अधिनियम की धारा 19 के तहत अपील अधिकारी नामित करने होंगे । इस उपबन्ध के अनुसरण में 159 प्राधिकारियों ने पर्याप्त मात्रा में जन सूचना अधिकारी, सहायक जन सूचना अधिकारी तथा अपील अधिकारियों को इस अधिनियम के उपबन्धों को लागू करने हेतु नामित कर दिया गया है । आयोग के ध्यान में ऐसा कोई भी प्रकरण नहीं लाया गया है जहां प्राधिकारियों द्वारा जन सूचना अधिकारी, सहायक जन सूचना अधिकारी तथा अपील अधिकारी को नामित नहीं किया गया हो। वस्तुतः पंचायती राज विभाग ने साधारण जनता को पंचायत स्तर पर आवेदन

दायर करने के उद्देश्य से पंचायत मुख्यालय एवं ब्लाक मुख्यालय स्तर पर जन सूचना अधिकारी एवं सहायक जन सूचना अधिकारी नामित कर दिए हैं । इस अधिनियम को प्रभावकारी ढंग से कार्यान्वित करने के लिए पंचायती राज विभाग का यह एक सराहनीय कदम है।

4. अधिनियम की धारा 4(1)(ख) में यह व्यवस्था है कि जन प्राधिकारी इस प्राधिकरण की कार्यशैली की स्वेच्छिक घोशणा अधिनियम में वर्णित 17 बिन्दुओं के अनुरूप करें । यह भी अपेक्षित है कि इसे समय समय पर अद्यतन किया जाए । हालांकि बहुत से सार्वजनिक प्राधिकरणों ने अधिनियम की धारा (1)(ख) के तहत राज्य स्तर पर सूचना का प्रकाशन किया है लेकिन फिर भी इन प्राधिकरणों के जिला स्तर पर कार्यालयों में ऐसा नहीं किया है । अधिकतर विभागों, बोर्डों तथा निगमों के जिला स्तर के कार्यालयों की यह धारणा है कि अधिनियम की धारा 4(1)(ख) के तहत स्वैच्छिक घोशणा सम्बन्धित विभाग, बोर्ड या निगम के राज्य स्तर के कार्यालय द्वारा दी जानी हैं । इस धारा के उपबन्धों को अक्षरशः लागू करने हेतु यह वाछिंत है कि विभागों, बोर्डों व निगमों के जिला स्तरीय कार्यालय भी अपने जिला से सम्बन्धित सूचना 17 बिन्दुओं के अनुरूप प्रकाशित करके अपने जिला के क्षेत्रीय कार्यालयों को उपलब्ध करवाए । जिला स्तर पर ऐसी स्वेच्छिक घोशणा से सूचना के अधिकार के तहत जिला स्तर पर आवेदनों की संख्या कम होगी तथा इससे जन अधिकारियों की कार्य प्रणाली में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने का उद्वेश्य भी पूरा होगा । अतः अधिनियम की धारा4(1) बी के उपबन्धों के अनुरूप यह संस्तुति की जाती है कि विभिन्न विभागों, बोर्डों/निगमों के जिला स्तरीय कार्यालयों को ऐसी सूचना प्रकाशित करने को कहा जाए ।

5. आयोग ने अपनी प्रथम रिपोर्ट में यह संस्तुति की थी कि जिला स्तरीय जन सूचना अधिकारियों, सहायक जन सूचना अधिकारियों/अपील प्राधिकारियों की सूचना सम्बन्धित जिला के क्षेत्रीय कार्यालयों में रखी जाए। यह भी संस्तुति की गई कि इस विवरण को जन अधिकारियों के जिला स्तरीय सूचना पट्टों पर लगाया जाए। राज्य सरकार ने सूचित किया कि अब परिस्थिति बदल गई है तथा हिमाचल प्रदेश के हर विकास खण्ड में अपने जनसूचना अधिकारी/सहायक जन सूचना अधिकारी/अपील प्राधिकारी है । निःसंदेह अधिकतर जन अधिकारियों ने जिला व ब्लाक स्तर पर जन सूचना अधिकारी/ सहायक जन सूचना अधिकारी/अपील प्राधिकारी नामित कर दिए है अपितु इनका विवरण सम्बन्धित जिलों के सभी जन सूचना अधिकारियों के कार्यालयों में उपलब्ध नहीं है । इस प्रकार इस संस्तुति का वर्श के दौरान क्रियान्वयन बहुत अधिक संतोशजनक नहीं रहा क्योंकि जनसाधारण के पास इन विभिन्न जन अधिकारियों के जन सूचना अधिकारी, सहायक जन सूचना अधिकारी तथा अपील प्राधिकारियों के नाम, पदनाम तथा स्थान के बारे में जानकारी नहीं थी । अतः आयोग पुनः यह संस्तुति करता है कि प्रत्येक जिला विशेष के जन अधिकारी के नामित जन सूचना अधिकारी, सहायक जन सूचना अधिकारी तथा अपील प्राधिकारियों का पूर्ण विवरण सम्बन्धित जिला के सभी कार्यालयों में उपलब्ध करवाया जाए । यह विवरण विभागों/अन्य सार्वजनिक प्राधिकरणों द्वारा अपने सूचना पट्ट पर प्रमुखता से दर्शाया जाए ।

6. अधिनियम की धारा 4(1)(क) में प्रत्येक जन सूचना अधिकारी के लिए अनुबन्धित है कि :-

- अपना सारा रिकार्ड वर्गीकृत तथा सूचीकृत तरीके से व्यवस्थित करें ताकि सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत सुविधाजनक हो तथा
- यह सुनिश्चित किया जाए कि समस्त रिकार्ड कम्पयूट्रीकृत करने हेतु उचित समय तथा संसाधनों की उपलब्धता ध्यान में रखी जाए। इस रिकार्ड को कम्प्यूट्रीकृत करके देश के विभिन्न नैटवर्क से जोड़ा जाए ताकि ऐसे रिकार्ड तक पंहुच सुविधाजनक हो ।

7. अधिनियम के उपर्युक्त उपबन्धों से वर्तमान रिकार्ड प्रबन्धन व्यवस्था के विवेचनात्मक पुनरीक्षण, रिकार्ड का प्रतिधारण, विभिन्न श्रेणी के रिकार्ड को श्रेणीवद्व करना तथा विभिन्न जन प्राधिकारियों के रिकार्ड का सूचीकरण एवं क्रमाक्रन आवश्यक हो जाता है । इसके लिए रिकार्ड प्रबन्धन में विशेशकर ईलेक्ट्रानिक रिकार्ड के बनाने व निरस्त करने के संदर्भ में न्यायायिक ढांचे में परिवर्तन करने की आवश्यकता पड़ सकती है आयोग का यह विचार है कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के विभिन्न उपबन्धों की पंहुच हेतु अभिलेखों का समुचित सूचीकरण व अनुक्रमणीकरण अति आवश्यक है । इसी कारण आयोग द्वारा अपने पहले प्रतिवेदन में यह संस्तुति किया गया था कि राज्य सरकार पर्याप्त समुचित धन सहित ऐसी व्यवस्था करे जिससे कम्प्यूट्रीकरण करके उसे एक नेटवर्क के माध्यम से एक निश्चित समयावधि से चरणवद्व तरीके से पूरे प्रदेश में लागू किया जा सके। सरकार ने सूचित किया है कि हिमसवान की स्थापना की जा रही है तथा हिमाचल प्रदेश सचिवालय में रैफनिक को लागू किया जा रहा है । इसके प्रबन्धन हेतु एक नया दस्तावेज प्रबन्धन साफटवेयर तैयार किया जा रहा है । अधिनियमों को बैवसाईट पर रखा गया है तथा राजपत्र अधिसूचनाएं वैबसाईट पर उपलब्ध है । यह अधिनियम की धारा 4(1)(क) को लागू करने हेतु एक स्वागत योग्य कदम है । फिर भी, विभिन्न सार्वजनिक प्राधिकरणों के लिए यह आवश्यक है कि अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण एक निश्चित समयावधि के भीतर करें। अतः यह संस्तुतित किया जाता है कि राज्य सरकार आगामी वित्त वर्श में सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 को लागू करने हेतु समुचित पग उठाए।

8. राज्य सूचना आयोग द्वारा विभिन्न जिलों के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विभिन्न बैठकों के दौरान विचारविमर्श तथा विभिन्न शिकायतों व अपीलों की सुनवाई के दौरान आयोग नें यह पाया कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 तथा इसके अन्तर्गत बने विभिन्न नियमों की जानकारी के अभाव में जन सूचना अधिकारी/सहायक जन सूचना अधिकारी निर्णय लेने में देरी करते हैं । हालांकि हिमाचल प्रदेश लोक संस्थान ने जन सूचना अधिकारी तथा सहायक जन सूचना अधिकारियों को विभिन्न अधिनियमों व नियमों के उपबन्धों से परिचित करवाने हेतु 17 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए लेकिन यह कार्यक्रम

प्रदेश के समस्त जन सूचना अधिकारी/सहायक जन सूचना अधिकारी में से कुछ प्रतिशत को ही सम्मिलित कर पाए। जन सूचना अधिकारी/सहायक जन सूचना अधिकारी तथा अपील प्राधिकारियों की बहुत अधिक संख्या होने के कारण हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान इन सभी अधिकारियों को एक निशिचित समय सीमा में प्रशिक्षित करने में सक्षम नहीं है। अतः आयोग ने अपने प्रथम प्रतिवेदन में संस्तुतित किया था कि इन अधिकारियों को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 तथा नियम के दायरे में लाने हेतु प्रदेश के अन्य प्रशिक्षण संस्थानों को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने हेतु :ाामिल किया जाए । जैसा कि उपर भी उल्लेख किया गया है कि अभी भी जन सूचना अधिकारियों/सहायक जन सूचना अधिकारियों/अपील प्राधिकारियों में अभी भी अधिनियम के उपबन्धों के बारे में जागरूकता की कमी है। अतः उपर्युक्त संस्तुति राज्य सरकार के विचारार्थ फिर से प्रस्तुत की जा रही है ताकि आगामी वित्त वर्श में पर्याप्त प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा सके ।

9. पंचायती राज विभाग तथा उच्च शिक्षा विभाग में बहुत से जन सूचना अधिकारी/ सहायक जन सूचना अधिकारियों को खण्ड स्तर पर, पंचायत स्तर पर तथा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर पर नामित किया है। आयोग द्वारा यह पाया गया है कि यह राज्य जन सूचना अधिकारी, सहायक जन सूचना अधिकारी सूचना के अधिकार, 2005 तथा एच. पी. आर. टी. आई, 2006 के विभिन्न उपलबन्ध से वाकिफ नहीं है । इसके फलस्वरूप इनके पास आने वाले सूचना के अधिकार सम्बन्धी प्रतिवेदनों के निश्पादन में विलम्ब हो रहा है । कुछ दूसरे विभागों के खण्ड या उपमण्डल स्तर पर तैनात जन सूचना अधिकारी एवं सहायक जन सूचना अधिकारियों में भी इस प्रकार की जागरूकता का अभाव ध्यान में आया है । बहुत से मामलों में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 तथा एच. पी. आर. टी. आई. नियम, 2006 की अनउपलब्धता का उल्लेख भी जन सूचना अधिकारी/सहायक सूचना अधिकारियों द्वारा किया गया है। जन सूचना अधिकारी/सहायक जन सूचना अधिकारी के पास बहुत सी जगहों पर उसी जन प्राधिकारी या अन्य जन प्राधिकारी के जन सूचना अधिकारी/सहायक जन सूचना अधिकारी से अधिनियम व नियमों की प्रतियां प्राप्त करने की सुविधा नहीं है। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के पुस्तकालयों में भी अधिनियम/नियमों की प्रतियां उपलब्ध नहीं है। इन परिस्थितियों में जन अधिकारियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे सूचना के अधिकार के तहत बनाए गए अधिनियमों व नियमों के क्रियान्वयन हेतु इन अधिकारियों को अधिनियमों व नियमों की प्रतियां उपलब्ध करवाए । अनुवर्ती कार्यवाही के रूप में राज्य सरकार को चाहिए कि वह सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 तथा हिमाचल प्रदेश सूचना के अधिकार के नियम, 2006 की प्रतियां सभी जन सूचना अधिकारियों/सहायक जन सूचना प्राधिकारियों व अपील अधिकारियों को प्रदान करने के निर्देश दें। प्रदेश के सभी पुस्तकालयों को भी इस अधिनियम व नियमों की प्रतियां प्रदान की जाए ।

10. हिमाचल प्रदेश सूचना का अधिकार नियम, 2006 में यह व्यवस्था है कि किसी भी दस्तावेज की 15 मिनट तक या उसके एक भाग तक निरीक्षण हेतु दस रूप्ये शुल्क देय होगा । निरीक्षण हेतु 15 मिनट का समय बहुत ही कम है । यद्यपि केन्द्र सरकार ने निरीक्षण हेतु एक घण्टे की समय सीमा तय की है । इसका परीक्षण किया गया तथा आयोग ने अपने प्रथम प्रतिवेदन में दस्तावेजों के निरीक्षण हेतु तय शुल्क में कमी करने का सुझाव दिया था। अपितु प्रशाससनिक सुधार विभाग द्वारा प्रस्तुत कार्यावाही रिपोर्ट इस सुझाव के बारे में खामोश है । पुनः यह संस्तुति की जाती है कि सरकार नियमों दस्तावेजों के निरीक्षण हेतु समय सीमा को बढ़ाकर तय शुल्क कम करने पर विचार करें ।

11 नियमों में यह व्यवस्था है कि सूचना के अधिकार सम्बन्धी प्रार्थनापत्र एक निर्धारित प्रपत्र पर भरा जाए । बहुत से मामलों में सूचना अधिकारियों द्वारा सादे कागज पर दिए गए प्रार्थना पत्रों को रद्द कर दिया जाता है या फिर वापिस कर दिया जाता है हालांकि प्रार्थी द्वारा मांगी गई सूचना का स्पश्ट उल्लेख होता है । आयोग को प्रार्थियों की ओर से ऐसे प्रकरणों में हस्ताक्षेप करना पड़ता है। सम्बन्धित जन सूचना अधिकारियों द्वारा आवेदन पत्र को अस्वीकृत करने या वापिस करने पर आवेदक सीधे आयोग के पास आते है क्योंकि जन साधारण सामान्यतः सूचना के अधिकार की आवश्यकताओं के अनुरूप निर्धारित प्रपत्रों से अनभिज्ञ होते हैं । इस स्थिति के निराकरण हेतु यह आवश्यक है कि सूचना के अधिकार के निर्धारित प्रपत्रों को ऐच्छिक कर दिया जाए । इन परिस्थितियों में यह संस्तुति की जाती है कि हिमाचल प्रदेश सूचना अधिकार नियमों में सुविधाजनक संशोधन किया जाए ताकि सूचना के अधिकार सम्बन्धी प्रार्थना पत्रों को निर्धारित पत्रों में भरने की अनिवार्यता को दूर किया जा सके ।

12. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 26 की उप धारा (1) में राज्य सरकार पर कुछ दायित्व निश्चित किया गया है कि वह जन साधारण में अधिनियम की विभिन्न व्यवस्थाओं का प्रचार करें । सरकार से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वह जन साधारण में विशेषकर कमजोर वर्गों के लिए ऐसे शिक्षाप्रद कार्यक्रम विकसित करें ताकि वह अधिनियम के तहत अपने अपेक्षित अधिकारों का प्रयोग कर सके । जन सूचना अधिकारी द्वारा अपने क्रियाकलापों का समयवद्व व प्रभावकारी प्रदाय व स्टीक सूचना प्रदान करना सुनिश्चित किया जाए। जन सूचना अधिकारियों/सहायक जन सूचना अधिकारियों व अपील प्राधिकारियों के लिए आवश्यक प्रशिक्षण सम्बन्धी सामग्री तैयार करना भी राज्य सरकार का दायित्व है । फलतः आयोग ने अपने प्रथम प्रतिवेदन में अधिनियम की धारा 26 के उपबन्धों को लागू करने हेतु एक समयवद्व कार्य योजना बनाने की सिफारिश की थी। हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान में वर्श के दौरान अधिकारियों के लिए 17 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए लेकिन राज्य सरकार ने आयोग की उपर्युक्त संस्तुतियों को लागू करने हेतु कोई भी कार्य योजना नहीं बनाई । अतः पुनः यह संस्तुति की जाती है कि अधिनियम के अन्तर्गत अपेक्षित अधिकारियों के प्रयोग हेतु जनसाधारण विशेषकर बचित समुदाय हेतु

शैक्षणिक कार्यक्रम विकासित तथा आयोजित किए जाए ताकि इनमें भी इसका प्रसार हो । राज्य सरकार द्वारा जन सूचना अधिकारियों के कार्यक्रमों के प्रभावशाली व स्टीक सूचना समयवद्व सूचना को भी प्रोत्साहित करना चाहिए। विभिन्न विभाग अपनी विभिन्न योजनाओं के तहत जिला स्तर पर समय समय पर सेमिनारों तथा कार्यशालाओं का आयोजन करते हैं। इसी प्रकार उत्सव तथा मेलों का आयोजन राज्य के विभिन्न स्थानों में विभिन्न विभागों, बोर्डों/निगमों द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रदर्शनियों में किया जा रहा है। इन मेलों का प्रयोग सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 तथा हिमाचल प्रदेश सूचना का अधिकार अधिनियम, 2006 के उपबन्धों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु किया जा सकता है ।

परिशिष्ट "क"

31.3.2007 तक राज्य सूचना आयोग में प्राप्त अपीलों की अद्यतन स्थिति

क्र0संख्या	अपील कर्ता का नाम व पता	पी आई ओ/ प्रतिवादी का नाम व पता	अपील कर्ता द्वारा दायर अपील की तिथि	आयोग द्वारा आदेश पारित करने की तिथि
	जिला शिमला			
1.	श्री घनश्याम चन्द ठाकुर, वरिश्ठ सहायक, आर0डी0 शाखा, हि0प्र0, सचिवालय शिमला ।	अतिरिक्त सचिव, एस0ए0, हि0प्र0, सचिवालय, शिमला ।	13.3.2006	19.7.2006
2.	श्रीमती एस0के0चौधरी, दी माल शिमला ।	सहायक आयुक्त, नगर निगम, शिमला ।	3.7.2006	21.7.2006
3.	श्री विनायक कहोल, शिमला ।	पी0आई0ओ0, हि0 प्र0 राज्य औद्योगिक विकास निगम समिति, शिमला ।	23.9.2006	18.102006
4.	श्री विनोद लखनपाल, बालूगंज, शिमला	सहायक आयुक्त, नगर निगम, शिमला ।	20.10.2006	31.20.2006
5.	श्री पदम देव :ार्मा, द्वारा हेमन्त इलेकट्रिक्स, टूटू, शिमला ।	अतिरिक्त सचिव (आई0पी0एच0), हि0प्र0 सरकार, शिमला ।	22.12.2006	8.2.2007
6	श्री विनोद लखनपाल, बालूगंज, शिमला ।	सहायक आयुक्त, नगर निगम, शिमला ।	18.1.2007	19.4.2007
7	श्री अनंत राम नेगी, पुत्र श्री धनी राम, निवासी गांव व डा0 हलैला, कोटखाई, शिमला ।	पुलिस अधीक्षक, शिमला ।	8.2.2007	23.2.2007

8	डा0 अनूपम नन्दा, पुत्र श्री पी0एल0 नन्दा, द्वारा पी0डी0 नन्दा, प्रबंधक, विपणन,एस0डी0ए0 कम्पलैक्स, शिमला ।	रजिस्ट्रार, हि0प्र0 विश्वविद्यालय, शिमला-5 ।	6.3.2007	20.4.2007
9	श्री घनश्याम चन्द ठाकुर, वरिश्ठ सहायक, आर0डी0 शाखा, हि0प्र0, सचिवालय ।	अतिरिक्त सचिव (एस0ए0), हि0प्र0 सचिवालय, शिमला ।	7.2.2007	20.4.2007
	जिला सिरमौर ।			
1	श्री प्रवीण कुमार, प्रधान, संजीवनी जन कल्याण सेवा समिति (पंजीकृत) ददाहू, सिरमौर ।	रजिस्ट्रार, सी एस के हि0प्र0 कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर, कांगडा ।	16.6.2006	18.7.2006
	जिला कांगडा ।			
1	श्री एस0डी0 सांख्यान, पालमपुर, कांगडा ।	रजिस्ट्रार, सी0एस0के, हि0प्र0, कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर, कांगडा ।	16.6.2006	18.7.2006
2	श्री बी0 आर0 धीमान, उप-रजिस्ट्रार, सी0एस0के0, एच0पी0के0वी0, पालमपुर, कांगडा ।	रजिस्ट्रार, सी0एस0के, हि0प्र0 कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर, कांगडा ।	21.8.2006	13.9.2006
3	श्री सतीश चन्द्र, धर्मशाला, कांगड़ा ।	जिला पंचायत अधिकारी, धर्मशाला स्थित, कांगडा ।	5.10.2006	1.11.2006

4	श्री एस0डी0 सांख्यान, गांव व व डा0 राजपुर, पालमपुर, कांगडा ।	एस0डी0ओ0 (नागरिक), देहरा, जिला कांगडा ।	17.1.2007	8.2.2007
5	श्री बी0 आर0 धीमान, उप-रजिस्ट्रार, सी0एस0के0, एच0पी0के0वी0, पालमपुर, कांगडा ।	सहायक रजिस्ट्रार (स्थापना), सी0एस0के0, एच0पी0के0वी0, पालमपुर, कांगडा ।	21.1.2007	24.4.2007
6	श्री प्रदीप कुमार, दैनिक वेतन भोगी, कम्पयूटर प्रचालक, कृशि वानिकी विभाग, सी0एस0के, हि0प्र0के0 वी0वी0, पालमपुर	प्रभारी (भर्ती), सी0एस0के, एच0पी0के0वी0, पालमपुर ।	21.3.2007	7.5.2007
	जिला हमीरपुर ।			
1	श्री सुख राम, हमीरपुर	पंचायत निरीक्षक, बीझडी खण्ड, हमीरपुर ।	13.10.2006	2.11.2006
2	श्री ओकार सिंह, हमीरपुर ।	मण्डल प्रबन्धक, हि0प्र0 राज्य वन निगम, शिमला ।	28.10.2006	22.11.2006
3	श्री ओकार सिंह, हमीरपुर ।	कम्पनी सचिव, हि0प्र0 राज्य वन निगम, शिमला ।	28.10.2006	31.11.2006
4	श्री ओकार सिंह, प्रताप नगर, हमीरपुर ।	प्रबंधक (प्रशासन), हि0प्र0 राज्य वन निगम, शिमला ।	20.12.2006	10.1.2007
5	श्री ओकार सिंह, प्रताप नगर, हमीरपुर ।	मण्डल प्रबंधक, हि0प्र0 राज्य वन निगम, शिमला ।	20.12.2006	10.1.2007

6	श्री जे0सी0 कैथ, वस्तु एवं अभियांत्रिकी सेवाएं, द्वितीय तल, हिमाचल ट्रेड कम्पनी, नजदीक बस अड्डा, हमीरपुर, जिला हमीरपुर ।	एस0ई0, हि0प्र0, पी0डब्ल्यू0डी0, 8 वी वृत, हमीरपुर, जिला हमीरपुर ।	24.1.2007	14.3.2007
7	श्री ओंकार सिंह, हमीरपुर ।	कम्पनी सचिव, हि0प्र0 राज्य वन निगम, शिमला-9 ।	13.3.2007	10.5.2007
	जिला विलासपुर ।			
1	श्री संजीव कुमार, निवासी गांव, भूवाइ	जिला पंचायत, अधिकारी, बिलासपुर, जिला बिलासपुर ।	12.1.2007	1.2.2007
2	श्री रामदास ठाकुर, प्रधान, बिलासपुर ट्रक प्रचालक, ट्रक सहकारी संघ, समिति बरमाना ।	सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी सभाव, सीमित, बिलासपुर ।	17.3.2007	27.102007
	जिला चम्बा ।			
1	श्रीमती सुशमा कुमारी देवाल, तीसा (चम्बा)	उप-निदेशक, (प्रारम्भिक शिक्षा) चम्बा ।	28.11.2006	8.1.2007
	जिला ऊना ।			
1	श्री मोहिन्द्र सिंह, गगरेट, ऊना ।	सहायक अभियन्ता, आई0पी0एच0, उप-मण्डल, गगरेट, धर्मशाला ।	2.11.2006	1.2.2007
2	डा0 रीता भरवाल एवं डा0 एस0ओ0 भरवाल, चिकित्सा अधिकारी, क्षेत्रीय अस्पताल, ऊना ।	मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ऊना ।	23.2.2007	7.5.2007

	जिला मण्डी ।			
1	श्री हरनाम सिंह ठाकुर, भियुली, मण्डी ।	कार्यपालक अभियन्ता, हिमुडा, मण्डल, मण्डी ।	1.12.2006	28.12.2006
2	श्री एच0एस0 ठाकुर, प्रधान, भियुली कलोनी, निवासी संघ, मण्डी ।	कार्यपालक अभियन्ता, हिमुडा, मण्डल मण्डी ।	12.1.2007	1.2.2007
	जिला सोलन ।			
1	श्री अरूण सिंह, वरिश्ठ सहायक, कार्यालय लेखा नियन्त्रक, यू0एच0 एवं एफ नौणी, सोलन	रजिस्ट्रार, डा0 वाई0एस0 परमार विश्वविद्यालय, नौणी, सोलन ।	7.2.2007	15.3.2007
	जिला कुल्लू ।			
1	श्री हरी दत्त :ार्मा, गांव व डा0 अन्नी, जिला कुल्लू ।	उप-निदेशक (प्राराम्भिक शिक्षा)	3.1.2007	22.1.2007

31.3.2007 तक राज्य सूचना आयोग में प्राप्त शिकायतों की अद्यतन स्थिति ।

क्र0सं0	शिकायत कर्ता का नाम व पता	पी0 आई0ओ/ प्रतिवादी का नाम व पता	शिकायत करने की तिथि	आयोग द्वारा आदेश पारित करने की तिथि
	जिला शिमला			
1	स्ट्राबेरी हिल आवास कल्याण संघ, छोटा शिमला ।	सहायक आयुक्त, नगर निगम, शिमला ।	14.7.2006	2.8.2006
2	श्री एस0के0 चौधरी, दी माल, शिमला ।	एस0इ0 (निर्माण) ओ/ओ इ0एन0सी0, हि0प्र0 पी0डब्ल्यू0डी0, यू0सए0 क्लब, शिमला ।	31.7.2006	2.9.2006
3	श्री रमेश कुमार, कुसुम्पटी, शिमला ।	शिक्षा निदेशालय, हि0प्र0, शिमला ।	12.8.2006	11.9.2006
4	श्री वीरेन्द्र कुमार, शिमला ।	मूख्य अभियन्ता (वाणिज्य), हि0प्र0 राज्य विद्युत बोर्ड, शिमला ।	7.9.2006	3.11.2006
5	श्री रविन्द्र कुमार, नई दिल्ली ।	उपसचिव (गृह), हि0प्र0 सरकार, शिमला ।	8.9.2006	27.10.2006
6	श्री रविन्द्र कुमार, नई दिल्ली ।	अभियन्ता आर.एस. सोनी, प्रमुख्य अभियन्ता (परियोजना) राज्य विद्युत बोर्ड, शिमला ।	29.9.2006	27.10.2006
7	श्री राम लाल शर्मा, न्यू-शिमला,	सहायक आयुक्त, नगर निगम, शिमला ।	6.10.2006	1.11.2006

8	श्री जे0आर0 आजाद, हिमुडा, शिमला ।	रजिस्ट्रार, हि0प्र0 विश्वविद्यालय, शिमला ।	13.10.2006	23.11.2006
9	श्री के0डी0 वर्मा, शिमला ।	जिला पंचायत अधिकारी, शिमला ।	16.10.2006	2.11.2006
10	श्री जिया लाल, ए0एल0एम0, हि0प्र0 राज्य विद्युत बोर्ड, शिमला ।	एस0ई0 (परिचालन वृत्त), हि0प्र0 राज्य विद्युत बोर्ड, शिमला ।	4.11.2006	30.11.2006
11	श्री इन्द्रजीत वर्मा, शिमला ।	निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, हि0प्र0 ।	11.12.2006	9.1.2007
12	श्री रतिराम शर्मा, पुत्र स्व0 श्री सीता राम शर्मा, गांव लजदून, डा0 चनोग, शिमला ।	पंचायत निरीक्षक, मशोबरा, खण्ड मशोबर, शिमला ।	23.2.2007	13.3.2007
13	श्री भीमसेन ठाकुर, निवासी सैनी भवन, नजदीक राजकी उच्च विद्यालय खलीनी, शिमला-9 ।	सहायक आयुक्त, नगर निगम, शिमला ।	23.2.2007	15.3.2007
14	श्री के0एस0 सिसोदिया, पटवारी, निर्धारण शाखा, बन्दोबस्त निदेशालय एस0डी0ए0 कम्प्लैक्स, कुसुम्पटी, शिमला ।	सहायक बन्दोबस्त अधिकारी, शिमला ।	13.3.2007	30.3.2007 को शिकायत वापिस ली ।
	जिला सिरमौर			
1	जन एकता समिति, पौंटा साहिब, सिरमौर।	पर्यावरण अभियन्ता, हि0प्र0 राज्य प्रदूशण नियन्त्रण बोर्ड ।	22.7.2006	25.8.2006
2	श्री सी0एम0 मधुर, पौंटा साहिब, सिरमौर ।	सहायक बन्दोबस्त अधिकारी, शिमला ।	13.11.2006	12.12.2006
3	श्री हेमन्त गर्ग, काला अम्ब, सिरमौर ।	आबकारी एवं कराधान अधिकारी, पौंटा साहिब,	15.11.2006	6.12.2006

		जिला सिरमौर ।		
4	श्री अमरजीत सिंह वालिया, पौंटा साहिब, सिरमौर ।	सहायक बन्दोबस्त, अधिकारी, शिमला।	16.11.2006	12.12.2006
5	श्रीमती अनीता पुरी, पत्नी श्री राहुल पुरी, सिरमौर ।	सहायक बन्दोबस्त, अधिकारी, शिमला ।	16.11.2006	12.12.2006
6	एम0/एस0आई0आई0टी0 टी0, अभियान्त्रिकी कालेज, काला अम्ब ।	रजिस्ट्रार, हि0प्र0 विश्वविद्यालय, शिमला ।	21.11.2006	27.12.2006
7	श्री सन्तोश कुमार, प्रिंसीपल (सेवानिवृत) आई0टी0 आई0 के पीछे शमशेरपुर पौंटा-साहिब, जिला सिरमौर ।	संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा, लाल पानी, शिमला ।	6.2.2007	15.3.2007
8	श्री बलराज मल्होत्रा, मकान न0-79/1, बार्ड न0- 6, नजदीक यू0बी0आई0 पौंटा साहिब, सिरमौर ।	उप-निदेशक, (प्रारम्भिक शिक्षा) नाहन स्थित, जिला सिरमौर ।	13.3.2007	20.8.2007
	जिला सोलन			
1	श्री हितैश वर्मा, अर्की, सोलन ।	बी0डी0ओ0, कुनिहर, जिला सोलन ।	7.8.2006	27.9.2006
	जिला कांगडा			
1	श्रीशान्ति स्वरूप शर्मा, पालमपुर, कांगडा ।	उद्योग निदेशालय, हि0प्र0, शिमला ।	21.8.2006	10.10.2006
2	श्री बी0आर0 धीमान, उप-रजिस्ट्रार, सी0एस0के0, एच0पी0के0वी0वी0, पालमपुर, कांगडा ।	सहायक रजिस्ट्रार, सी0एस0के0, एच0पी0के0वी0वी0, पालमपुर, कांगडा ।	24.9.2006	13.11.2006
3	श्री रविन्द्र कुमार, नई दिल्ली ।	मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कांगडा ।	25.9.2006	27.10.2006

4	श्री चन्द्र मोहन, फतेहपुर, कांगडा ।	निदेशालय स्वास्थ्य सेवाएं, हि0प्र0 ।	2011.2006	9.1.2007
5	श्री सतीश बस्सी, आवास बोर्ड कालोनी, कांगडा ।	सचिव, हिमुडा, शिमला।	20.11.2006	6.12.2006
6	श्री नरदेव सिंह, गांव लुठान, डा0 सुधांगल, तह0 देहरा, जिला कांगडा ।	संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा, हिमाचल प्रदेश ।	6.1.2007	23.1.2007
7	श्री कांशी राम, गांव व डा0 पठियार, जिला कांगडा ।	विधि अधिकारी, एच0पी0टी0डी0सी0 (सीमित), रीटज ऐनक्सी, शिमला ।	22.1.2007	1.3.2007
8	श्री बी0आर0 धीमान, उप-रजिस्ट्रार, सी0एस0के0, एच0पी0के0वी0, पालमपुर ।	सहायक रजिस्ट्रार, सी0एस0के0, एच0पी0के0वी0, पालमपुर ।	1.2.2007	24.4.2007
9	श्री सुभाश चन्द्र त्यागी, सहायक अभियन्ता (सेवानिवृत), त्यागी निवास, गांव व डा0 पंचरूखी, पालमपुर	बन्दोबस्त अधिकारी, धर्मशाला स्थित कांगडा ।	7.2.2007	19.5.2007
10	श्री रूप संहि, सुपुत्र स्व0 श्री रतन चन्द, मकान न0-22, श्याम नगर, धर्मशाला, जिला कांगडा ।	सचिव, हि0प्र0 तकनीकी शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला, कांगडा ।	14.3.2007	30.3.2007
	जिला कुल्लू			
1	श्री फकीर चन्द, आनी, जिला कुल्लू ।	एस0डी0ओ0 (नागरिक) , आनी, कुल्लू ।	26.9.2006	30.10.2006
2	श्री फकीर चन्द, आनी, जिला कुल्लू ।	एस0डी0ओ0 (नागरिक) , आनी, कुल्लू ।	26.9.2006	30.10.2006

3	श्री फकीर चन्द गोस्वामी, निर्मण्ड, जिला कुल्लू ।	एस0डी0ओ0 (नागरिक) , आनी, कुल्लू ।	16.11.2006	29.12.2006
4	श्री फकीर चन्द गोस्वामी, निर्मण्ड, जिला कुल्लू ।	एस0डी0ओ0 (नागरिक) , आनी, कुल्लू ।	16.11.2006	29.12.2006
5	श्री हरिदत्त शर्मा, गंव व डा0 तहसील आनी, नजदीक आनी अस्पताल , जिला कुल्लू, हि0 प्र0 ।	उप-निदेशक (प्रारम्भिक शिक्षा), कुल्लू, जिला कुल्लू, हि0 प्र0 ।	3.1.2007	22.1.2007
6	श्री रामलाल भारद्वाज, शास्त्री, जी0एम0एस0 जलेहत, तह0 आनी, जिला कुल्लू ।	उप-निदेशक (प्रारम्भिक शिक्षा), कुल्लू, जिला कुल्लू, हि0 प्र0 ।	3.1.2007	22.1.2007
7	श्री चन्द्र देव शर्मा, वरिश्ठ सहायक, पर्वतारोहण एवं समवर्गी खेलकूद, निदेशालय, मनाली ।	पर्वतारोहण एवं समवर्गी खेलकूद निदेशालय, मनाली ।	27.1.2007	1.3.2007
	जिला किन्नौर			
1	श्री कुलविन्द्र संधू, किन्नौर ।	एस0डी0एम, कल्पा, रिकांग-पिओ, किन्नौर ।	28.9.2006	19.10.2006
	जिला चम्बा			
1	श्री ओम प्रकाश, चमेशनी, चम्बा ।	निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय लालपानी, शिमला ।	23.10.2006	13.11.2006
	जिला मण्डी			
1	श्रीमती नर्वदा कुमारी, मण्डी ।	जिला शिक्षा अधिकारी मण्डी ।	20.11.2006	7.12.2006

2	श्री कश्मीर सिंह, गुलेटिया, मण्डी ।	जिला नियन्त्रक खाद्य, नागरिक आपूर्वित एवं उपभोक्ता मामले, मण्डी ।	23.11.2006	7.12.2006
3	श्री भूशण लाल शर्मा, गांव छपरोल, गांव गगल, तहसील व जिला मण्डी, हि0प्र0 ।	अधीक्षण ओ/ओ एकस इ0एन0, आई0पी0एच0, सुन्दरनगर खण्ड, मण्डी ।	11.1.2007	14.12.2007
4	श्री भरत कुमार, द्वारा कुमार होटल, पुराना बस अडडा, सुन्दरनगर, हि0प्र0 ।	जी0एम0, हि0 प्र0 राज्य सहकारिता बैंक (समिती), दी माल, शिमला ।	1.2.2007	3.3.2007
	जिला बिलासपुर			
1	सुश्री बंदना कुमारी, गांव व डा0 गेहडवीं, जिला बिलासपुर ।	जिला पंचायत अधिकारी, जिला बिलासपुर, हि0 प्र0 ।	17.11.2006	27.12.2006
2	श्री प्रकाश सिंह, सुपुत्र श्री मनसा राम, गांव बेहरन, डा0 व तह0 झण्डूता, जिला बिलासपुर ।	बी0डी0ओ0 झण्डूता, जिला बिलासपुर, हि0प्र0।	11.1.2007	3.2.2007
3	श्री प्रकाश सिंह, सुपुत्र श्री मनसा राम, गांव बेहरन, डा0 व तह0 झण्डूता, जिला बिलासपुर ।	खण्ड विकास अधिकारी, झाण्डूता, जिला बिलासपुर, हि0 प्र0 ।	8.2.2007	15.3.2007
	जिला ऊना			
1	श्री सुरेन्द्र पाल मन्हास, गंव व डा0 सोघनाई, वाया घनेडी, तह0 अम्ब, जिला ऊना ।	अतिरिक्त सचिव (आई0पी0एच0), हि0प्र0 सचिवालय ।	23.2.2007	19.4.2007

	जिला हमीरपुर			
1	श्री तानसेन कायस्थ, वार्ड न0-9, गांव व डा0 सुजानपुर टीहरा, तह0 सुजानपुर, जिला हमीरपुर ।	उप-निदेशक, (प्रारम्भिक शिक्षा), हि0प्र0 प्रारम्भिक शिक्षा, निदेशालय, लालपानी, शिमला ।	23.2.2007	14.3.2007
2	श्री ओंकार सिंह, मकान न0-53, वार्ड न-3, प्रताप नगर, हमीरपुर ।	प्रबंधक (प्रशासन) एच0पी0एस0एफ0सी, एस0डी0ए0 कम्पलैक्स, कुसुम्पटी ।	13.3.2007	10.5.2007

राज्य सूचना आयोग द्वारा प्रथम रिपोर्ट में की गई संस्तुतियों के कार्यान्वयन की स्थिति।

क्रमांक	आयोग की पहली रिपोर्ट में तैयार गई संस्तुतियॉं और (सम्प्रेक्षण)	राज्य सरकार द्वारा की गई कार्रवाई
1.	12 अक्तूबर 2005 को अधिकार सूचना अधिनियम लागू हुए जैसा कि इस रिपोर्ट में पहले ही उल्लिखित है, तथापि अधिनियम कुछ उपबंधों में जिनमें नियम बनाने की शक्तियां निहित है 15 जून 2005 को लागू हुई । इसके फलस्वरूप इस अधिनियम के अन्तर्गत शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य सरकार और अन्य सक्षम प्राधिकारियों द्वारा अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के क्रियान्वयन हेतु नियमों के तीन सैट अधिसूचित किए गए हैं । हि0प्र0 अधिकार सूचना नियम 2006 को राज्य सरकार द्वारा 21 जनवरी 2006 को अधिसूचित किए थे । हि0प्र0 के उच्च न्यायालय ने अधिकार सूचना नियमों को 30 नवम्बर, 2005 में अधिसूचित किया था और हि0 प्र0 विधान सभा सचिवालय द्वारा अधिकार सूचना नियम (शुल्क और लागत का विनियम) 2006, 15 जून 2006 को अधिसूचित किए थे । राज्य सरकार द्वारा राज्य सूचना आयोग का गठन 4 फरवरी, 2006 को किया था, जिसने 1.3.2006 से कार्य करना प्रारम्भ किया । नियमों की अधिसूचना में विलम्ब, जिसमें नियम के अन्तर्गत शुल्क की दरें निर्धारित हैं, अधिकार सूचना अधिनियम 2005 के अन्तर्गत केवल कम आवेदनों को भरने का एक कारण हो सकता है । इस अधिनियम के अन्तर्गत कम मात्रा में आवेदन पत्र भरे जाने का एक कारण अधिनियम के उपबन्ध के बारे में पर्याप्त प्रसार का अभाव हो सकता है ।	सरकार द्वारा हि0प्र0 अधिकार सूचना अधिनियम 2006 को 21 जनवरी 2006 को अधिसूचित किया गया था। यह सत्य है कि नियमों का सही प्रचार प्रसार नहीं हो पाया तथापि नियमों में प्रथम तथा द्वितीय संशोधनों के पश्चात् निदेशक लोक सम्पर्क विभाग से फरवरी, 2007 में नियमों के साथ नियमों के शुल्क ढांचे के व्यापक प्रसार करने के लिए निवेदन किया था ।
2.	आयोग ने यह पाया कि कुछ मामलों में अधिनियम के उपबन्धों के बारे में और पी0आई0ओ0/ए0पी0आई0ओ0 के नियमों में जानकारी के अभाव के कारण, आवेदक को सूचना को प्रस्तुत	अधिनियम और नियमों के उपबन्धों को जागरूकता प्रदान करने

	करने में विलम्ब होता है । वर्श के दौरान हि0प्र0 लोक प्रशासन संस्थान द्वारा पी0आई0ओ0 और ए0पी0आई0ओ0को अधिनियम और नियमों के विभिन्न उपबन्धों के बारे अवगत करवाने के लिए चार प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए । तथापि इन कार्यक्रमों में राज्य में पी0आई0ओ0/ए0पी0आई0ओ0 की कम प्रतिशतता रही । पी0आई0ओ0/ए0पी0आई0ओ0 और अपील प्राधिकारियों की बडी संख्या को देखते हुए हिप्पा में उपलब्ध प्रशिक्षण सुविधाएँ, इन सभी अधिकारियों को प्रशिक्षित करने के लिए वित्तीय वर्श 2006-2007 की समाप्ति से पहले पर्याप्त नहीं हो सकी । इसलिए यह आवश्यक है कि राज्य के अन्य प्रशिक्षण संस्थानों को भी इन पदाधिकारियों के अधिनियम और नियमों के बारे में प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने के लिए शामिल किया जाए । इसके अतिरिक्त अधिनियम और नियमों के अधीन विभिन्न उपबन्धों के बारे आम जागरूकता बढ़ाने हेतु अधिनियम और नियम के अन्तर्गत सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विषेशकर जो पंचायती राज संस्थाओं (पी0आर0आईस0) और शहरी स्थानीय निकायों (यू0एल0बीस0)के चयनित प्रतिनिधियों को राज्य के विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा एक प्रशिक्षण सत्र लगाया जा सकता है । इस पग से आर0टी0आई0 अधिनियम, 2005 और उसके अन्तर्गत नियमों के बारे में राज्य में पी0आर0आईस और यू0एल0बीस0 के चयनित प्रतिनिधियों के माध्यम से आम जनता में जागरूकता के प्रचार होने की प्रत्याशा है तथापि वित्तीय सहायता के पर्याप्त अभाव से, इन प्रशिक्षण संस्थानों में जिसमें हिप्पा भी सम्मिलित है को ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को संचालित करने में कठिनाई आ रही है । अतः राज्य सरकार को हिप्पा तथा अन्य प्रशिक्षण संस्थानों को पी0आई0ओस0/ए0पी0आई0ओस0 और अपील प्राधिकारियों को विर्निश्ट समय के भीतर आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए निधि का प्रावधान करना चाहिए यह पदाधिकारी आर0टी0आई0 अधिनियम 2005 के अन्तर्गत निर्धारित अवधि के भीतर आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया पूर्ण करें ।	हेतु आर0टी0आई0 अधिनियम पर दो कार्यशालाए सचिवालय और एक कार्यशाला हिप्पा में लगाई । हमने मुख्य सूचना आयुक्त, राज्य सूचना आयोग की संस्तुतियों की प्रति संलग्न कर भविश्य में इस प्रकार की कार्यशालाएं संचालन करने के लिए पुनः हिप्पा के निदेशक को लिखा हैं ।
3.	इस अधिनियम की धारा 5 और 19 के अन्तर्गत इस रिपोर्ट में	हि0प्र0 विश्वविद्यालय

	तय अवधि के दौरान पी0आइ0ओ0एस0 / ए0पी0आई0ओ0एस0, अपील पदाधिकारियों के पदनाम सम्बन्धी उपबन्ध के कार्यान्वयन को कुछ सीमा तक सन्तोशजनक पाया है । परन्तु स्वैच्छिक प्रकरीकरण से सम्बंधित उपबन्ध के कार्यान्वयन पर, जो कि इस अधिनियम की धारा 4 (1) ख में है को सन्तोश जनक नहीं पाया गया है । इसलिए सरकार को चालू वर्श के दौरान अर्थात 31.3.2007 से पूर्व अद्यतन स्वैच्छिक प्रकरीकरण कार्य को पूर्ण करने की सुनिश्चिता के लिए आवश्यक पग उठाने चाहिए । यह भी सुनिश्चित किया जाए कि राज्य में प्रत्येक जन प्राधिकारी पी0आई0ओ0/ए0पी0आई0ओ0 और अपील प्राधिकारियो, जैसा कि अधिनियम के प्रत्येक उपबन्धों के अनुसार है को पर्याप्त संख्या में नामित किया है।	के अलावा प्रत्येक जन प्राधिकारी आर0टी0आई0 अधिनियम की धारा 4 (1) ख में संकलित सूचना को प्रकाशित करें ।
4.	आयोग के ध्यानार्थ यह बात आई है कि जन प्राधिकारी के क्षेत्रीय कार्यालयों में जनप्राधिकारी द्वारा नामित पी0आई0ओस/ए0पी0आई0ओस0 की सूची उपलब्ध नहीं है । इसके फलस्वरूप आवेदकों को इन प्राधिकारियों को जिला स्तर के कार्यालयों अथवा राज्यस्तरीय कार्यालयों से सम्पर्क करना पड़ता है और किसी समय राज्य सूचना आयोग के कार्यालय से पी0आई0ओ0एस0 /ए0पी0आई0ओस के नामों की जानकारी इस अधिनियम के अन्तर्गत आवेदन भरने के लिए लेनी पड़ती है । जन प्राधिकारी यह सुनिश्चित करें की उनके क्षेत्रीय अधिकारी नामित पी0आई0ओस/ ए0पी0आई0ओस /अपील प्राधिकारियों का पूर्ण विवरण रखें । विभागों/जनप्राधिकारियों के पास बड़ी मात्रा में अंतरापृश्ठ है । वह यह सुनिश्चित करे कि जिलों का यह विवरण जिलास्तरीय कार्यालयों के नोटिस बोर्ड में उपलब्ध हो ।	स्थिति में अब परिवर्तन आया है कि हि0प्र0 के प्रत्येक खण्ड में पी0आई0ओ/ ए0पी0ओ0 और अपील प्राधिकारी नियुक्त हैं ।
5.	यह आयोग के ध्यानार्थ लाया गया है कि अधिनियम के अन्तर्गत निर्धारित शुल्क का भुगतान ट्रेजरी चालान के माध्यम से होता है जो कि भारी और समय नष्ट करने वाला है । राज्य सरकार की अनुवर्ती आदेश के अनुसार शुल्क का डीमाण्ड ड्राफट के माध्यम से अनुमोदित भुगतान स्थिति को सरल करता है तथापि, उच्च लागत के रू0 10/- डीमाण्ड ड्राफट के बारे में भी आवेदको	आई0पी0ओ0 द्वारा भुगतान की अनुमति/कार्यान्वित दिनांक 8 जनवरी 2007 की अधिसूचना संख्या पी0ई0 आर0

	द्वारा प्राधिकारियों को संकेत किया गया है । इसलिए राज्य सरकार निर्धारित शुल्क का भुगतान नकद अथवा कम से कम भारतीय पोस्टल आर्डर के माध्यम से करने पर विचार कर सकती है । राज्य सरकार उन विभागों /जनप्राधिकारियों जिनके पास क्षेत्रीय कार्यालयों में उस स्थान पर आहरण एवं वितरण अधिकारी नहीं है ऐसे मामलों में दूसरे विभाग के आहरण एवं वितरण अधिकारी को चालान हस्ताक्षरित करने का अधिकार जारी करने के लिए विचार भी कर सकता है । इस पग को उठाने से विशेशकर पिछड़े क्षेत्रों में रह रहे आवेदकों को राहत मिलने की अपेक्षा है ।	(ए0आर0)-एफ(7)-2 /98-खण्ड-I में देखें ।
6.	रिकार्ड / दस्तावेज के निरीक्षण का शुल्क 10 रू0 प्रति 15 मिन्ट के निरीक्षण अथवा विखण्डन के लिए अधिसूचित नियमों के अन्तर्गत निर्धारित किया गया है विषेशकर भारत सरकार द्वारा निर्धारित दरों को ध्यान में रखते हुए निरीक्षण के लिए निर्धारित शुल्क अधिक है । इस सम्बंध में जनता से प्रतिवेदन प्राप्त हुए है । राज्य सरकार द्वारा निर्धारित रिकार्ड / दस्तावेज की निर्धारित दर एक घण्टा निरीक्षण के लिए 40 रूपये है इसके मुकाबले भारत सरकार द्वारा 5 रूपये प्रभार लिया जा रहा है । अर्थपूर्ण निरीक्षण इस उपबन्ध के पुनरीक्षण के लिए पर्याप्त औचित्य प्रतीत होता है । इसलिए सिफाारिश की जाती है कि निरीक्षण की अवधि को कम से कम 30 मिन्ट और उसके विघटन को वर्तमान 15 मिन्ट की अवधि से बढाया जाए ।	एकगण/सूचीवद्ध/ संलग्न को ध्यान में रखते हुए लागत रखी गई ।
7.	अधिनियम 4 (1) क में अनुबन्ध किया है प्रत्येक जन प्राधिकारी निम्न कार्य करेंगे । इसके समस्त रिकार्ड को व्यवस्थित, विधिवत रूप में इस क्रम से रखा जाए जिससे इस अधिनियम के अन्तर्गत सूचना की प्राप्ति सरल हो । यह सुनिश्चित किया जाए कि समस्त रिकार्ड जो कम्पयूटरीकरण के लिए उपयुक्त है, उसे समुचित समय तथा संसाधनों की उपलब्धि के अनुसार, कम्पयूटरीकरण करवा दिया जाए तथा नेटवर्क के माध्यम से देश की विभिन्न कम्पयूटर पद्धतियों द्वारा ऐसे रिकार्ड को प्राप्त करने में सरलता हो। अधिनियम के उपर्युक्त उपबन्धों से यह आवश्यक हो जाता है कि रिकार्ड प्रबन्धन की विमान पद्धतियों, विभिन्न वर्गों के रिकार्डों	हिमस्वान को स्थपित किया जा रहा है रैफनिक को कार्यान्वित किया जा रहा है नया दस्तावेज प्रबंधन साफट-व्येर तैयार किया जा रहा है अधिनियमों का वैवसाईट बनाया जा रहा है । राजपत्रित

	को रखने की अनुसूची एवं सूचि करण पद्धतियां और रिकार्डो की संख्या का जनप्राधिकारियों द्वारा समीक्षात्मक पुनरीक्षण हों । इस अधिनियम के कारण रिकार्ड प्रबन्धन के कानूनी ढॉचे में विषेशता इलैक्ट्रोनिक रिकार्ड के सर्जन और विलोपन के बारे में बदलाव लाने की आवश्यकता पड़ सकती है । देश के नागरिकों द्वारा आर0टी0आई0 अधिनियम 2005 के अन्तर्गत सूचना मांगने के विशय पर विभिन्न उपबन्धो के कार्यान्वयन में रिकार्ड का उचित सूचीपत्र और सूचीवद्ध महत्वपूर्ण होगा । इसलिए राज्य सरकार ऐसे आवश्यक कदम उठाए जिसमें रिकार्ड के कम्पयूट्रीकरण के लिए प्र्याप्त निधि का प्रावधान हो जिससे रिकार्ड समुचित रूप से कम्प्यूट्रीकृत हो और प्रदेश में नेटवर्क के माध्यम से चरणबद्ध तरीके से विनिर्दिश्ट समय में जोड़ा जाए ।	अधिसूचना वैवसाईट पर लाई जा रही है ।
8.	राज्य सरकार के प्रशासनिक सुधार विभाग तथा राज्य सूचना आयोग को नियत कालीन रिटर्न और रिपोर्टस जनप्राधिकारियों को प्रस्तुत करनी अपेक्षित है । इन रिटर्नस और रिपोर्टस को समय पर प्रस्तुत करने पर, जनप्राधिकारी क्षेत्रीय कार्यालयों में स्थित पी0आई0ओस/ए0पी0आई0ओस से सूचना को निर्धारित प्रपत्र पर एकत्रित करेगा । यह निश्चित रूप से इस कार्य को जनप्राधिकारी के मुख्यालय के नोडल अधिकारी को आवंटित करेगा । नोडल अधिकारी को नामित करने की प्रथा से यह वांछित है कि अधिनियम के अन्तर्गत आए आवेदनों को समस्त पी0आई0ओ0 सही नीति से निपटाए । इससे यह भी वांछित है कि जन प्राधिकारी के प्रशासनिक विभाग, प्रशासनिक सुधार विभाग (आर0टी0आई0 अधिनियम 2005 के अन्तर्गत (नोडल विभाग) और राज्य सूचना आयोग के बीच में उन्नत समन्वय सुनिश्चित होगा । इसलिए यह उचित होगा कि जनप्राधिकारी के मुख्यालय में एक अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया जाए जो अधिकारी सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के उपबन्धों का कार्यान्वयन करें । जिन विभागों/जनप्राधिकारियों के अन्तर्गत बहुत से पी0आई0ओस/ए0पी0आई0ओस हैं वहां सम्बंन्धित विभागों/ जनप्राधिकारियों में नोडल अधिकारी कों सहायता के लिए सेल भी बनाया जा सकता है । ।	अपील प्राधिकारी को नोडल अधिकारी नामित करने का सुझाव पत्र संख्या पी0ई0आर0 (ए0आर0)एफ (7)-2/98-खण्ड-I दिनांक 19 अप्रैल 2006 को देखें ।

9.	धारा 26 की उपधारा (1) के अन्तर्गत राज्य सरकार पर अधिनियम के विभिन्न उपबन्धों को आम जनता में प्रचार-प्रसार के दायित्व सौंपे गए हैं । राज्य सरकार से यह अपेक्षित है कि वह जन-जन में विषेशतः पिछड़े समुदाओं में अधिनियम के बारे में जानकारी बढाने के लिए विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों का विकास एवं आयोजन करें को राज्य सरकार से यह भी अपेक्षित है कि वह जनप्राधिकारियों द्वारा समयबद्ध एवं सही सूचना को जन-जन में प्रसारित करने को प्रोत्साहन दें । राज्य सरकार का यह भी दायित्व है कि वह पी0आई0ओस को प्रशिक्षित करें तथा प्रासंगिक प्रशिक्षण सामग्री को बनवाए इसलिए यह संस्तुति की जाती है कि अधिनियम की धारा 26 के उपबन्धों को कार्यान्वित करने के लिए राज्य सरकार एक समयबद्ध कार्य योजना बनाएं ।	हमने निदेशक लोक प्रशासन संस्थान को निर्देश दिए कि पत्र संख्याःपी0ई.आर0 (ए0आर0)ए (8)-11/2006 दिनांक 3 मई 2007 को देखें कि वह हि0प्र0 राज्य आयोग की पहली रिपोर्ट पर कार्यवाही करें जो प्रशिक्षण से सम्बंन्धित है और राशि उपलब्ध करवाने का प्रयत्न करें ।